बिहार सरकार

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

विभागीय संकल्प सं0–1064, दिनांक–17.05.2018 एवं संकल्प सं0–155 दिनांक–24.01.2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जाता है।

तदनुसार बिहार राज्य के अत्यंत पिछड़ा वर्ग के स्थायी निवासी अभ्यर्थियों को निम्नलिखित परीक्षाओं के प्रारंभिक परीक्षा/प्रथम चरण परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मुख्य परीक्षा/अग्रेत्तर तैयारी हेतु निर्धारित दर के अनुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है:–

क्र0	प्रतियोगी परीक्षा का नाम	प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था का नाम	प्रोत्साहन राशि (रू0 में)
01.	सिविल सेवा (Civil Service)	संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली	1,00,000/–
02.	भारतीय अभियंत्रण सेवा (Indian Engineering Service)		75,000/–
03.	भारतीय आर्थिक सेवा (Indian Economic Service)		75,000/–
04.	भारतीय सांख्यिकी सेवा (Indian Statistical Service)		75,000/–
05.	संयुक्त भू–वैज्ञानिक परीक्षा (Combined Geo-Scientist)		75,000/–
06.	संयुक्त रक्षा सेवा (CDS),		50,000/–
07.	केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI Dy.S.P.)		50,000/–
08.	केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (Central Armed Police Force)		50,000/–
09.	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA), एवं नौसेना अकादमी (Naval Academy) की प्रथम चरण (लिखित परीक्षा) की परीक्षा		50,000/–
10.	बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता (प्रारंभिक) परीक्षा	बिहार लोक सेवा आयोग, पटना	50,000/–
11.	बिहार न्यायिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा।		50,000/–
12.	अन्य राज्यों द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा संयुक्त प्रतियोगिता (प्रारंभिक) परीक्षा	संबंधित राज्यों के राज्य लोक सेवा आयोग	50,000/–
13.	भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ग्रेड–बी अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा	भारतीय रिजर्व बैंक	30,000/–
14.	भारतीय स्टेट बैंक (SBI) एवं अन्य अनुसूचित व्यवसायिक बैंकों में परिवीक्षाधीन पदाधिकारी (Bank Probationary Officer) की प्रारंभिक परीक्षा।	भारतीय स्टेट बैंक/बैंकिग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS)	30,000/–
15.	भारतीय जीवन बीमा निगम में सहायक प्रशासनिक अधिकारी (Assistant Administrative Officer) की प्रारंभिक परीक्षा	भारतीय जीवन बीमा निगम	30,000/–
16.	संयुक्त स्नातक स्तरीय (Combined Graduate Level) प्रारंभिक परीक्षा	केन्द्रीय कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली	30,000/–
17.	विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड के द्वारा आयोजित परीक्षा तकनीकी एवं स्नातक स्तरीय (Combined Graduate Level) प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर देय राशि।	संबंधित रेलवे भर्ती बोर्ड	30,000/–

- **योजना के लाभ हेतु अर्हता एवं शर्तें:**

(i) अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए।

(ii) अभ्यर्थी को बिहार राज्य का स्थायी निवासी होने के साथ–साथ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के अंतर्गत होना/आना चाहिए।

(iii) अभ्यर्थी को पूर्व से किसी राज्य या केन्द्र सरकार के अधीन वित्त सम्पोषित किसी भी सरकारी सेवा/लोक उपक्रम (बोर्ड/निगम) में कार्यरत अथवा नियोजित नहीं होना चाहिए।

(iv) किसी भी अभ्यर्थी को इस योजना का लाभ सिर्फ एक ही बार देय होगा तथा एक बार योजना का लाभ प्राप्त कर लेने के पश्चात् इस योजना से आच्छांदित किसी अन्य परीक्षा के प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण किये जाने पर अभ्यर्थियों को दोबारा लाभ अनुमान्य नहीं है और ना ही अंतर राशि हेतु कोई दावा मान्य होगा।

(v) आवेदन हेतु अर्हता एवं शर्तें तथा विस्तृत दिशा निर्देश विभागीय पोर्टल https://bcebconline.bihar.gov.in/ पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि पोर्टल पर आवेदन समर्पित करने के पूर्व दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लेंगे तदनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

- प्रारंभिक परीक्षा/प्रथम चरण परीक्षा के परिणाम प्रकाशित होने के 45 दिनों के अंदर आवेदन अंतिम रूप से समर्पित करना अनिवार्य है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा।
- विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/bcebcwelfare/CitizenHome.html** का सतत् अवलोकन किया जा सकता है।
- इस योजना से अब तक लगभग 9100 से अधिक अभ्यर्थी लाभान्वित किये जा चुके है।